# ई–निविदा

**कार्बनलैस रोगी उपचार पत्र मुद्रण फार्म हेतु ई–निविदा सूचना वर्ष 2012–13**

| | |
|---|---|
| निविदा क्रमांक : | |
| प्रि–बिड दिनांक, समय व स्थान : | 17.09.2012 समय 3.30 बजे स्थान कमरा संख्या–205 गाँधी–ब्लॉक, स्वास्थ्य भवन, जयपुर (राज.) |
| ऑनलाईन बिड प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक एवं समय : | 10.10.2012 समय सांय 3.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र शुल्क: | Rs. 2000.00 (प्रबन्ध निदेशक, आरएमएससी के पक्ष में देय) |
| राजस्थान की एसएसआई इकाइयों के लिए निविदा प्रपत्र शुल्क: | Rs. 1000.00 (प्रबन्ध निदेशक, आरएमएससी के पक्ष में देय) |
| RISL प्रोसेसिंग शुल्क: | Rs. 1000.0 (प्रबन्ध निदेशक, आरआईएसएल के पक्ष में देय) |

ई–निविदा प्रपत्र शुल्क, आर.आई.एस.एल. प्रोसेसिंग फीस एवं ईएमडी के डी.डी./बैंकर चैक उपर्युक्त नाम से प्रबन्ध निदेशक, आरएमएससी, गाँधी–ब्लॉक, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर के कक्ष संख्या 105 में दिनांक 10.10.2012 समय दोपहर 2.00 बजे तक भौतिक रूप से (Physically) प्रस्तुत करने होगें।

## रोगी उपचार पत्र मुद्रण कार्य के लिए निर्धारित अन्य शर्ते

1. ई–निविदा सूचना में प्रकाशित सभी शर्ते इस ई–निविदा का भाग मानी जाएगी।
2. केवल ई–निविदा फार्म के साथ संलग्न **प्रपत्र 'ब'** में ही मुद्रक अपनी दरें दर्शाएँ। निगम के प्रोफार्मा के अतिरिक्त अन्य प्रोफार्मा में दी गई दरें मान्य नहीं होंगी। **प्रपत्र 'ब'** में दी गई दरें शब्दों एवं अंकों में स्पष्ट निर्धारित प्रोफार्मा में अंकित कर दी गई है। इसमें कोई कांट छांट (Over writing) नहीं है।
3. **निगम द्वारा सर्वप्रथम ऑनलाईन तकनीकी बिड खोली जाएगी जिसमें निम्नांकित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे :–**

   I. ई–निविदा प्रपत्र शुल्क,

   II. अमानत राशि एवं आरआईएसएल प्रोसेसिंग शुल्क का बैंकर चैक/बैंक ड्राफ्ट (लघु उद्योग इकाई को धरोहर राशि में नियमानुसार छूट देय होगी)।

   III. नवीनतम एवं वैध बिक्री कर/VAT चुकता प्रमाण पत्र एवं आयकर पेनकार्ड की प्रमाणित छाया प्रति।

   IV. VAT/CST के अतिरिक्त निगम द्वारा कोई भी कर, चुंगी, Excise Duty, Cess आदि देय नहीं होगा।

   V. Excise Duty लागू हो तो उसका प्रतिशत एवं राशि का उल्लेख पृथक से **(प्रपत्र 'ब')** वित्तीय ई–निविदा में किया जाएगा।

   VI. Excise Duty पृथक से नही दी जाएगी। यदि ई–निविदा देने के उपरान्त Excise Duty में Statutory कमी/बढ़ोत्तरी होगी तो वह वसूली/देय योग्य होगी परन्तु इसके लिए ई–निविदा दाता को संबंधित विभाग की अधिसूचना के साथ Excie विभाग को अतिरिक्त भुगतान की गई राशि के प्रमाण पत्र के साथ निगम को आवेदन करना होगा।

   VII. यदि कोई सामग्री उत्पाद शुल्क (Excise Duty) से मुक्त है तो इस संदर्भ में उत्पाद शुल्क से मुक्त होने का प्रमाण पत्र ई–निविदा दाता को देना होगा।

   VIII. मशीनरी से संबंधित विवरण (**प्रपत्र 'अ'** के विवरण के अनुरूप ही प्रेस फोर कलर की होना आवश्यक है। फोर कलर मशीन के क्रय से संबंधित आवश्यक बिल/दस्तावेज प्रपत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है)।

   IX. फर्म के मुद्रण संबंधी कार्यो के पिछले तीन वर्षो में से किसी एक वर्ष का टर्न ओवर कार्य की अनुमानित लागत से 1¼ गुणा या उससे अधिक अर्थात रू. 450.00 लाख या अधिक होना आवश्यक है। साक्ष्य हेतु ई–निविदा दाता फर्म द्वारा संबंधित वर्ष के प्रमाणित लेखे यथा लाभ–हानि खाता, ऑडिटेड़ बैलेन्स शीट आदि की प्रमाणित प्रति संलग्न की जाएँ।

   X. मशीनरी की क्षमता एवं मानव शक्ति के संबंध में आवश्यक जानकारी।

   XI. यदि फर्म लघु उधोग इकाई है तो प्रचलित नियमों के अनुसार सक्षम विभाग/अधिकारी द्वारा जारी लघु उधोग इकाई का प्रमाण पत्र। **निर्धारित संलग्न प्रारूप (प्रपत्र 'व') में शपथ–पत्र भी संलग्न करना है।**

   XII. फर्म के लैटर पैड पर विनिर्माता/डीलर आदि का घोषणा पत्र (संलग्न प्रारूप **प्रपत्र 'द'** में)

   XIII. ई–निविदादाता यदि फर्म/कम्पनी है तो अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि, जो इस ई–निविदा के लिए विशेष रूप से फर्म/कम्पनी द्वारा अधिकृत किया गया है। उसका नाम, पता तथा फर्म/कम्पनी में उसकी स्थिति (Status) का उसके हस्ताक्षर प्रमाणित करते हुए स्पष्ट उल्लेख करेगा। निगम अन्य किसी से इस संबंध में सम्पर्क नहीं करेगा।

   XIV. टर्न ओवर प्रमाण पत्र **प्रपत्र 'स'** अंकेक्षक/सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाणित।

   XV. Fall clause प्रमाण **प्रपत्र 'र'** ।

